समाचार

सीतामणी सार्वजनिक पण्डाल के सामने होगा शेड निर्माण, वार्ड क्र. 16 छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर के सामने बनेगा ओपनशेड

(महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने किया स्थल निरीक्षण, शेड निर्माण के संबंध में त्वरित कार्यवाही के दिए निर्देश)

कोरबा 27 जुलाई 2021 –राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के निर्देश पर वार्ड क्र. 07 सीतामणी चौक में पूर्व निर्मित सार्वजनिक पण्डाल का जीर्णोद्धार किए जाने के साथ ही नवीन शेड का निर्माण किया जाएगा। इसी प्रकार वार्ड क्र. 16 छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर के सामने ओपनशेड का निर्माण होगा। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने निगम के अधिकारियों के साथ सीतामणी चौक स्थित स्थल का निरीक्षण किया तथा नवीन शेड निर्माण कार्य के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 07 अंतर्गत सीतामणी चौक के समीप सार्वजनिक पण्डाल का निर्माण निगम द्वारा पूर्व में कराया गया था, उक्त सार्वजनिक पण्डाल में स्थानीय निवासियों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजन समय–समय पर किए जाते हैं, वर्तमान में उक्त सार्वजनिक पण्डाल का जीर्णोद्धार कराना आवश्यक है, वहीं वहां के निवासियों द्वारा सार्वजनिक पण्डाल के सामने शेड निर्माण की मांग राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद से की गई थी। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के निर्देश पर शेड का निर्माण कराया जाएगा, साथ ही पूर्व निर्मित सार्वजनिक पण्डाल का जीर्णोद्धार कार्य भी किया जाएगा। शेड निर्माण से धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों के दौरान आमजन को बैठने की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी, उक्त शेड बन जाने से वार्ड क्र. 06, 07, 08 एवं 10 के नागरिकों को यह सुविधा प्राप्त होगी। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया तथा सार्वजनिक पण्डाल का जीर्णोद्धार कार्य कराए जाने के साथ ही नवीन शेड निर्माण के संबंध में तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार वार्ड क्र. 16 कोहड़िया स्थित छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर के सामने ओपनशेड का निर्माण कराए जाने के निर्देश राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के द्वारा दिए गए थे, जिसके तहत उक्त स्थल पर भी ओपनशेड का निर्माण किया जाएगा। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने

संबंधित जोन के अधिकारियों को उक्त ओपनशेड निर्माण के संबंध में त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश भी दिए।

किया वार्ड का भ्रमण, ली समस्याओं की जानकारी– महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्र. 07 मोतीसागरपारा बस्ती का पैदल भ्रमण कर वहां के नागरिकों से भेंट की, उनकी समस्याओं की जानकारी ली एवं निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने वार्ड की साफ–सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था व सड़क रोशनी व्यवस्था का भी निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं की बेहतरी के संबंध में अधिकारियों का आवश्यक मार्गदर्शन किया।

निरीक्षण के दौरान पार्षद संतोष लांझेकर एवं सुफलदास, एल्डरमेन बच्चू मखवानी, अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, जोन कमिश्नर आर.के.चौबे, सहायक अभियंता डी.सी.सोनकर एवं लीलाधर पटेल, अश्वनी दास, राकेत ताती, संजू अग्रवाल, सुजीत राठौर, उत्तम दास, प्रेम मित्तल, बिसाहू कुम्भकार, टेकराम, विनय शंकर, नरोत्तम दास, अमीन भुट्टो आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।**समाचार**

28 जुलाई को वार्ड क्र. 07, 16, 31, 32, 45, 53, 59, 66 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

कोरबा 27 जुलाई 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 28 जुलाई बुधवार को वार्ड क्र. 07, 16, 31, 32, 45, 53, 59, 66 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 28 जुलाई बुधवार को वार्ड क्र. 07 मोतीसागरपारा जैतस्तंभ के पास, वार्ड क्र. 16 जोगियाडेरा मांझी मोहल्ला सामुदायिक मंच, वार्ड क्र. 31 खरमोरा बजरंग चौक आंगनबाड़ी, वार्ड क्र. 32 प्राथमिक शाला रिसदी, वार्ड क्र. 45 राजीवनगर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 53 तुलसीनगर प्राथमिक शाला के पीछे, वार्ड क्र. 59 विकासनगर बाजार सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 66 इंदिरा नगर पानी टंकी सामुदायिक भवन के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो सामान के साथ पहुंचेगी तथा विभिन्न बीमारियों की जांच व निःशुल्क इलाज करेगी। योजना के अंतर्गत अभी तक निगम क्षेत्र में 1486 शिविरों के माध्यम से 75909 व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा चुका है।

संपादकब्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)